पायनियर
लखनऊ, रविवार, 15 मार्च, 2015

...निष्काम सेवा समिति के अध्यक्ष उदय कौशिक तथा फिल्म अभिनेता डीनो मोरिया ने भी सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री ने 'आजमगढ़ महोत्सव' में सांस्कृतिक संध्या का किया शुभारम्भ

बुनकरों व हस्तशिल्पियों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक हस्तशिल्प का राज्य बताते हुए कहा है कि इस प्रदेश के कई जनपद कलाए संस्कृति और हस्तशिल्प के क्षेत्रों में खास मुकाम रखते हैं। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ जनपद की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा है और इस जनपद के साथ-साथ संगीत, बुनकरी व पॉटरी से ताल्लुक रखने वाले इसके तीन गांवों हरिहरपुर, मुबारकपुर और निजामाबाद को विकसित कर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने इन स्थानों पर पर्याप्त विद्युत आपूर्ति...

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सांस्कृतिक विरासत को कायम रखने एवं हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए हर सम्भव मदद की जाएगी।

मुख्यमंत्री आज यहां गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में 'आजमगढ़ महोत्सव' के अन्तर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ जनपद की... उद्देश्य से महोत्सव का आयोजन किया जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य के तमाम जिले हस्तशिल्प के कारण अपनी खास पहचान रखते हैंए चाहे सहारनपुर में लकड़ी का फर्नीचर हो या मुरादाबाद के पीतल का कार्य। इसी प्रकार भदोही की कालीन और फिरोजाबाद की चूड़ियों की भी अपनी अलग पहचान है। श्री यादव ने आजमगढ़ महोत्सव को एक अच्छी शुरुआत बताते हुए उम्मीद जाहिर की कि यह महोत्सव आने वाले वर्षों में आजमगढ़ की समृद्ध संस्कृति और परम्पराओं से लोगों को रूबरू कराने में कामयाब होगा। उन्होंने इस... रूरल हेरिटेज एण्ड डेवलेपमेन्ट तथा प्रदेश के पर्यटन विभाग को बधाई दी और कहा कि इसके माध्यम से आजमगढ़ जनपद की सांस्कृतिक और शिल्प सम्बन्धी खूबियां लोगों के सामने आएंगी। उन्होंने आजमगढ़ में साड़ी केन्द्र की धीमी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि इस कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक संध्या में हरिहरपुर संगीत घराने के मशहूर कलाकार पण्डित भोलानाथ मिश्र द्वारा राग श्याम कल्याण पर आधारित प्रस्तुति को सुना। आरम्भ में उ[illegible]नि... के अन्तर्गत आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने साड़ी निर्मित करने वाले बुनकरों, पॉटरी उद्योग से जुड़े हस्तशिल्पियोंए कारीगरों तथा विक्रताओं से बातचीत की। उनकी कार्य पद्धति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उत्पादों के विपणन के विषय में भी पूछा तथा उनकी समस्याओं को दूर किए जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिए।

इस मौके पर राजनैतिक पेंशन मंत्री राजेन्द्र चौधरी, मुख्य सचिव आलोक रंजन, सचिव पर्यटन अमृत अभिजात सहित...

नवनी... में स... ज्ञापि... श्रवण... लिए... दौरा... आव... 4 डॉ... साथ... नवनी... सभी... गुच्छ... मानस... मुख्य... अभि... मंत्री... प्रशा...